हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026

11 स्कॉलरशिप परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के ...



12 चैत्र नवरात्र कल से शुरू, माता रानी के जयकारों...



खबर संक्षेप

### दस्तावेज पूरे करने के लिए अंतिम तिथि बढ़ाई

**भिवानी।** जिन विद्यार्थियों ने डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए आवेदन किया था, वे अब अपने दस्तावेज 20 मार्च तक पूरे करवा सकते हैं। दस्तावेज पूरा करवाने के लिए अंतिम तारीख को 17 मार्च से बढ़ाकर 20 मार्च किया गया है। जिला कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि दस्तावेज पूरा करवाने के लिए आवेदनकर्ता लघु सचिवालय स्थित समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के कमरा नं. 161 में संपर्क सकते हैं।

### मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने मादक पदार्थ बेचने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना शहर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी दिनोद गेट के इंचार्ज उप निरीक्षक दशरथ की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि शिव नगर कॉलोनी में धर्मशाला के सामने एक व्यक्ति मादक पदार्थ बेचने के लिए खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर रेड की और व्यक्ति को मौके से काबू किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान भारत निवासी हालू मोहल्ला, भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी से 92 ग्राम चरस बरामद की।

### ब्याज माफी के मौके का लाभ उठाने की अपील

**बाढ़ड़ा।** सरकार द्वारा ऋणी किसानों को राहत देने के उद्देश्य से एकमुश्त निपटान ओटीएस योजना लागू की गई है। प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के प्रबंधक पुरुषोतम और सहायक प्रबंधक शेलेन्द्र सिंह ने बताया कि बैंक शाखा किसानों को जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि जिन ऋणी किसानों की मृत्यु हो चुकी है या जिनके परिवार में विधवा महिला ऋण अदा कर रही है, उन्हें मूलधन जमा करवाने पर सौ प्रतिशत ब्याज व पेनेल्टी माफ कर दी जाएगी। जीवित ऋणी किसानों को भी योजना के तहत राहत दी जा रही है, जिसमें मूलधन और आधा ब्याज जमा कराने पर शेष 50 प्रतिशत ब्याज तथा पूरा पेनल ब्याज माफ कर दिया जाएगा।

विगत में गेट पास देने में धांधली के आरोपों से लिया सबक

# कमेटी के आगे खिंचेगा ट्रैक्टर-ट्राली का फोटो

**28 मार्च से सरसों और एक अप्रैल से गेहूं की खरीद होगी शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विगत में गेट पास देने में धांधली से सबक लेते हुए मार्केट कमेंटी ने सरसों व गेहूं की सरकारी खरीद को लेकर फूंक-फूंक कर कदम रखने आरंभ कर दिए। सरसों व गेहूं सरकारी कीमत पर बेचने वाले किसानों का पहले ट्रैक्टर ट्राली पर किसान के साथ फोटो होगा। फोटो लेने के बाद उसी किसान की बायोमैट्रिक होगी। दोनों प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही किसान को अनाज बेचने के लिए गेट पास मिल पाएगा। 28 मार्च से सरसों की खरीद शुरू हो जाएगी और एक अप्रेल से गेहूं की सरकारी कीमत पर खरीद शुरू होगी। जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

फिलहाल नैफेड सरसों की 62 सौ रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद करेगी। यहां यह बताते चले कि इस नई व्यवस्था को लागू करने के लिए विगत में मार्केट कमेटी के सचिव ने आढ़तियों की बैठक बुलाकर नई व्यवस्था के प्रति जानकारी दे दी है। अब से पहले कोई व्यक्ति मार्केट कमेटी में मोबाइल व आधार कार्ड के साथ मेरा फसल मेरा ब्यौरा का पंजीकरण देकर गेट पास जारी करवा लेते थे,लेकिन नई व्यवस्था के तहत अब जिस किसान ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण करवाया हुआ है। वहीं अनाजमंडी में सरकारी कीमत पर फसल बेच सकता है। इसके लिए किसान को ट्रैक्टर व ट्राली या किसी अन्य वाहन में फसल लानी होगी। अनाजमंडी में पहुंचते ही उस किसान का वाहन के साथ फोटो किया जाएगा। साथ ही किसान की बायोमेटीक करवाई जाएगी। दोनों फोटो अपलोड होने के बाद ही किसान को फसल बेचने का गेट पास जारी हो पाएगा। उसके बाद ही किसान अपनी फसल को बेच सकेगा।



**भिवानी।** अनाजमंडी में लगी सरसों की ढेरी। फोटो : हरिभूमि

■ फसल बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण होना अनिवार्य

### पहली बार बायोमैट्रिक मशीन से लगेगी किसानों की हाजिरी

अनाजमंडी में सरकारी भाव पर अनाज बेचने आए किसानों की पहली बार बायोमैट्रिक मशीन से हाजिरी लगेगी। बायोमटिक पर अंगूठा लगने के बाद ही उनको गेट पास मिल पाएगा। अब से पहले किसान अपना मोबाइल नम्बर आधार कार्ड के आधार पर ही उसको गेट पास जारी कर दिया जाता था। अब नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक किसान का अंगूठा लगवाया जाएगा। उसके बाद ही वह मंडी में अपनी फसल की ढेरी बना सकेगा। जल्द ही नैफेड सरसों की खरीद शुरू करने जा रही है। इसके लिए मार्केट कमेटी में नफेड की तरफ से बायोमैट्रिक मशीनें भेजी गई है। ताकि निर्धारित समयावधि पर सरसों की खरीद शुरू हो सके।

### दोनों प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही किसान को गेट पास मिलेगा: देवेंद्र कुमार

मार्केट कमेटी के सचिव देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस बार किसानों का अंगूठा लगवाने तथा फसल से भरा टैक्ट- ट्राली या वाहन का फोटो करवाया जाएगा। दोनों प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही किसान को गेट पास मिल पाएगा। इस बारे में किसानों व आढ़तियों को सूचित किया जा रहा है। नई व्यवस्था से पूरी तरह से पादर्शिता आएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि अनाजमंडियों में सरकारी खरीद शुरू करवाने को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। सफाई और किसानों को पीने के पानी की सही ढंग से व्यवस्था की जा चुकी है।

बवानीखेड़ा व उसके 10 किमी. के दायरे में टोल फ्री करवाने की मांग

## सामाजिक संगठनों ने बनाई रणनीति 22 को टोल पर होगी महापंचायत



**भिवानी।** कांग्रेसी नेता कर्मबीर बौद्ध की जीत पर खुशी मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बवानीखेड़ा व आसपास के इलाके के लोगों से टोल वसूली शुरू करने के विरोध में 22 मार्च को हांसी-भिवानी मार्ग पर टोल के समीप एक महापंचायत होगी। जिसमें बवानीखेड़ा व उसके 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों का टोल फ्री करवाए जाने की मांग की जाएगी। इस दौरान एनएचआई के अधिकारियों ने उनकी मांग पूरी नहीं की तो उसी दिन से अनिश्चितकालीन आंदोलन का बिगुल बजाया जाएगा।

हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने बताया कि महापंचायत की सफलता के लिए दस किलोमीटर के दायरे में अभियान चलाएंगे। ताकि महापंचायत में ज्यादा से ज्यादा लोगों को आमंत्रित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस के कर्मबीर बोद्ध की जीत पर मंगलवार को बवानीखेडा तहसील परिसर में हरियाणा जागृति मोर्चा व कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित करके लोगों का मुंह मीठा करवाया। इस दौरान वहां पर मौजूद लोगों में लड्डू बांटे। इस दौरान मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू व कांग्रेस पार्टी के सदस्य नरेंद्र तंवर,राजबीर तंवर , अधिवक ता रामकिशन काजल ने संयुक्त रूप से कहा कि सत्य ईमानदारी कर्त्तव्यनिष्ठा तथा गरीबी की जीत बताया। चूंकि राहुल गांधी ने राज्य सभा की कमान एक ऐसे व्यक्ति को दी,जिससे आमजन के साथ जुड़ा है। कर्मबीर बौद्ध जनता के बीच रहता है। राहुल गांधी के इस फैसले ने साबित कर दिया कि कांग्रेस सभी वर्ग व तबके के लोगों को साथ लेकर चल रही है। इस मौके पर ओमबीर भाकर, बाबा जगदीश नाथ, सुंदर हांडा, बलवान छाछिया, बनवारी नायक, राजबीर प्रधान, सोनू नाफरिया एडवोकेट, हरीष रंगा आदि मौजूद रहे।

### काली माता मंदिर रोड पर 15 दिन से ओवरफ्लो सीवरेज से हालात बदतर

**भिवानी।** शहर के कोंट रोड मिनी बाईपास स्थित काली माता मंदिर रोड, जुगलाल स्कूल के पास पिछले करीब 15 दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो की गंभीर समस्या बनी हुई है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से बदबू का माहौल बना हुआ है और लोगों का वहां से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। गौरतलब है कि यह रास्ता काली माता मंदिर तक जाने का मुख्य मार्ग है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। लेकिन गंदगी और सीवरेज के पानी के बीच से होकर गुजरना श्रद्धालुओं के लिए मजबूरी बन गया है जिससे उनकी आस्था भी आहत हो रही है। समाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी, नरेश वर्मा आदि नागरिकों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन समाधान के नाम पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं गंदे पानी के कारण बीमारी फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को अवगत भी करा दिया गया है इसके बावजूद अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप श्रेणी वन हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ 16 मार्च 2026 को शाम 4 बजे एआईक्यू 119 दर्ज किया गया

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के स्टेज-प्रथम ('खराब' श्रेणी,एआईक्यू 201-300) के तहत लागू प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि आयोग द्वारा 21 नवंबर 2025 को जारी संशोधित ग्रेप शेड्यूल के तहत स्टेज-प्रथम के प्रावधान 14 अक्टूबर 2025 से लागू थे। दिल्ली में ग्रेप उप-समिति की बैठक में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की मौजूदा वायु गुणवत्ता स्थिति तथा आईएमडी/आईआईटीएम के पूर्वानुमानों की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि अनुकूल मौसम की परिस्थितियों के कारण दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 16 मार्च 2026 को शाम 4 बजे 119 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। साथ ही, आगामी दिनों में भी एक्यूआई के इसी श्रेणी में बने रहने का अनुमान है।

उन्होंने बताया कि इन परिस्थितियों को देखते हुए उप-समिति ने 14 अक्टूबर 2025 के आदेश को निरस्त करते हुए पूरे एनसीआर में स्टेज-प्रथम के तहत लागू सभी कार्रवाईयों को समाप्त करने का निर्णय लिया है। हालांकि, आयोग ने सभी संबंधित राज्य सरकारों, दिल्ली सरकार और अन्य एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे वायु गुणवत्ता में सुधार को बनाए रखने के लिए जारी सभी नियमों, दिशानिर्देशों और आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। इसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी निर्देश भी शामिल हैं। उन्होंने कहा है कि बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार भले ही ग्रेप वन को हटा दिया गया है, लेकिन ग्रेप उप-समिति ने स्पष्ट किया है कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखेगी।

### गांव कासनी खुर्द की बहू डॉ. अर्चना आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर बनीं



**बहल।** डॉ. अर्चना फिलहाल अपने पति डॉ. सुनील भांभू के साथ बहल में सुनील चिल्ड्रन हॉस्पिटल में सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने बीएएमएस की परीक्षा कृष्णा आयुर्वेदिक कॉलेज कुरुक्षेत्र से पास की जबकि पोस्ट ग्रेजुएशन जामनगर से पूरी की। अर्चना ने वर्ष 2025 में आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर के पद के लिए आवेदन किया था। विभाग द्वारा सोमवार को चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की जिसमे डॉ. अर्चना का चयन हुआ है। अर्चना की सफलता पर पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, भाजपा नेता हनुमान शर्मा, रितेश बहल, सज्जन फौजी बिधनोई, अजय बिधनोई सहित अन्य लोगों ने डॉ. अर्चना के चयन पर उसे बधाई दी है और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अर्चना की सफलता पर पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, भाजपा नेता हनुमान शर्मा, रितेश बहल, सज्जन फौजी बिधनोई आदि ने बधाई दी

## भिवानी समूह नृत्य टीम दिल्ली में 20 को हरियाणवी समूह नृत्य की बिखेरेगी झलक

■ प्रतिभागियों व निर्देशक को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी समूह नृत्य टीम का राष्ट्रीय सिविल सर्विसज कला एवं हरियाणा सांस्कृतिक विभाग द्वारा ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज म्यूजिक, नृत्य और शार्ट प्ले विधाओं के लिए 14 मार्च को गार्डन थियेटर पंचकूला में किया था, जिसमें पूरे हरियाणा से विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में समूह नृत्य भिवानी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब ये टीम 20 मार्च को राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। समूह नृत्य प्रतियोगिता चाणक्यपूरी स्पॉर्टस कॉम्प्लेक्स दिल्ली में होगी। प्रतिभागियों की उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया, जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर, मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय जिंदल, खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़, प्राचार्या राजेश शर्मा, प्राचार्या सीमा कुमारी आदि ने बधाई दी।



## विजेंद्र बराड़ सर्वसम्मति से बने हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान

■ कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा : राज्य प्रधान विजेंद्र

**भिवानी।** हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग कर्मचारी यूनियन का द्विवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता एडहॉक कमेटी के चेयरमैन राम सिंह कटारिया ने की।

इस दौरान सर्वसम्मति से आगामी दो वर्षों के लिए नई राज्य कार्यकारिणी का चुनाव किया, जिसमें विजेंद्र सिंह बराड़ को सर्वसम्मति से राज्य प्रधान चुना गया। इनके अलावा राजकुमार माहला को वरिष्ठ उपप्रधान, विजेंद्र भाटिया को राज्य मुख्य संगठन, राजपाल सोलरा को राज्य प्रेस सचिव, संदीप चौहान को राज्य वित्त सचिव, प्रदीप रंगा को राज्य ऑडिटर की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं सुभाष तालु को एडिशनल जनरल सेक्रेटरी, संजय निंबल को उप-महासचिव, महेश कुमार को राज्य उपप्रधान, कपूर सिंह को सर्कल सचिव और भूपेंद्र सिंह पिचौपा को सर्कल संगठनकर्ता नियुक्त किया। राज्य प्रधान बराड़ ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।

पार्षद बोले-अपने बच्चों का दाखिला भी राजकीय विद्यालय में करवाएंगे

## अब पार्षदों के साथ मिलकर शिक्षक संभालेंगे मिशन-एडमिशन की कमान

विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने की बनाई रणनीति

दीपक कुमार डुमड़ ▶▶| बवानीखेड़ा

कहते हैं ''लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कौशिश करने वालों की हार नहीं होती'' इसी पंक्ति को चरितार्थ करने में जुटे हैं खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह और नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री। अब शिक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा नपा प्रधान व सभी पार्षदों संग मिलकर विद्यार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी करने की रणनीति बनाई जा रही है।

नगर पालिका कार्यालय में नपा प्रधान सुंदर अत्री द्वारा तमाम पार्षद, पार्षद प्रतिनिधियों को निमंत्रण देकर कार्यालय में मीटिंग की। मीटिंग में थाना प्रभारी सुरेश कुमार सहित तमाम पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि पहुंचे। बैठक में विशेष उपस्थिति खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रवक्ताओं व शिक्षकों ने दर्ज कराई। बैठक में अधिकारी ने बताया कि गिरती छात्र संख्या के लिए सभी का सहयोग जरूरती है। वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि वे स्वयं राजकीय विद्यालय के विद्यार्थी रहे और गुरूजनों की शिक्षा और घर से मिले संस्कारों को पाकर इस मुकाम तक पहुंचे है। उन्होंने अपनी टीम सहित उन्हें आश्वासन दिया कि पार्षदों व शिक्षकों की टीम बनाकर वार्डवाइज विद्यार्थियों को राजकीय विद्यालय में छात्र संख्या के लिए जागरूक किया जाएगा ताकि राजकीय विद्यालयों में छात्र संख्या में बढ़ोतरी हो सके।

बैठक में बीईओ सतेन्द्र सिंह ने बताया कि निजी विद्यालयों के स्टाफ व शिक्षा से हर कोई वाकिफ है। लेकिन राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों को कार्यग्रहण से पहले अनेक प्रकार की टेस्ट सहित अन्य प्रक्रियाओं को उत्तीर्ण करके पहुंचा जाता है। उन्होंने सभी को राजकीय विद्यालय में दाखिला करवाने के लिए प्रेरित करने के लिए आग्रह किया।



**बवानीखेड़ा।** स्कूलों में दाखिले को लेकर पार्षदों व शिक्षकों के साथ बातचीत करते नपा चेयरमैन सुंदर अत्री। फोटो : हरिभूमि

### दिया आश्वासन

नगर पालिका में आयोजित मीटिंग में सभी पार्षदों व पार्षद प्रतिनिधियों ने नपा प्रधान व खंड शिक्षा अधिकारी को आश्वासन दिया कि वे शिक्षकों संग मिलकर अपने अपने वार्ड में मिशन-एडमिशन की अलख जगाने का कार्य करेंगे और राजकीय विद्यालयों में छात्र संख्या में बढ़ोतरी करने का काम करेंगे। पार्षदों ने बताया कि वे स्वयं राजकीय विद्यालयों से शिक्षा ग्रहण करके इस मुकाम तक पहुंच हैं और वे अपने बच्चों को भी राजकीय विद्यालय में दाखिला करवाएंगे।



### उपायुक्त ने खेतों में पहुंचकर की गिरदावरी की जांच पड़ताल

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने मंगलवार को जिले के विभिन्न गांवों के खेतों में जाकर फसल की राजस्व विभाग द्वारा की गई ई गिरदावरी की जांच पड़ताल की। उन्होंने गिरदावरी रिकॉर्ड का खेतों में खड़ी फसलों के साथ मिलान किया। उन्होंने पड़ताल के दौरान राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि गिरदावरी बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए यह कार्य शत-प्रतिशत ठीक होना चाहिए। सरकार द्वारा गिरदावरी के माध्यम से एकत्रित आकड़ों के आधार पर किसान हितैषी नीति बनती है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा प्रत्येक फसल चक्र यानि रबी और खरीफ की फसल की गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को रिपोर्ट भेजी जाती है। इस दौरान उन्होंने किसानों से बात की तथा उनकी समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने जिला के लांबा, सांजरवास, खेडी बत्तर, अटेला, जेवली व बाढड़ा पहुंचकर फसल गिरदावरी की पड़ताल की।

WOMEN COLLEGE OF EDUCATION
JHOJHU KALAN, CHARKHI DADRI
Approved by N.C.T.E, Affiliated to C.B.L.U, Bhiwani & B.S.E.H Bhiwani.
E Mail: wcoejk@gmail.com Website : www.wcoejk.org in

Application are invited for the post of Principal, Teaching Staff and Non-Teaching Staff for B.Ed, and D.El.Ed course on regular basis:-

Required Academic Faculty & Administrative and professional Staff.

B.Ed Course: Academic Faculty.
Principal - 1 Post, Assistant Professor in Perspective in Education-02 Posts, Assistant Professor (Pedagogy Subject) - 08 Posts (Language-02, Social Science -01, Biological Science 01 Post, Physical Science 01 Post, Mathematics 01 Post, Commerce 01 post, Economic 01 post), and Assistant Professor Posts-(Health & Physical education-01 post, Fine Arts-01 post, Performing Arts (Music/Dance Theatre) -01 post).

D.El.Ed. Course: Academic Faculty.
HOD-1 Post, Foundation - 01 Posts, and Lecturers in (Pedagogy Subject) - 03 Posts (English-01 Post, Science -01 post, Mathematics-01 Post).

Administrative and professional Staff.
Librarian (B.Lib. with 55% marks) 01 post, Lab Assistant (BCA with 55% marks) -01 post, Office-cum-Account Assistant -01 Post, Office, Assistant-cum-Computer operator-01 Post, Store Keeper-01 Post, Technical Assistant -01 Post, and Lab Attendants/ Helpers/ Support Staff - 03 posts.

Post. Qualification & Salary as prescribed by State government/UGC & NCTE Norms.

Application along with two colour photographs and attested photocopies of a Testimonials should reach within 21 days in the office of college. For B.Ed. course the one copy of application with documents should be submitted in the office of Dean of Colleges, CBLU Bhiwani, through Regd. Post, by email or by hand against proper receipt.

Contact No:- 9812555434, 9416524348, E-Mail : wcoejk@gmail.com
Address:- President, Women College of Education, Jhojhu Kalan, Charkhi Dadri, Haryana, PIN-127310



# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style



# तमन्ना
## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

## हॉलीवुड मसाला



# ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



# ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

## टीवी मसाला




# '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।



# सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***इंपरफेक्ट वुमन :*** *'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

***रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :*** *'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

***अमोर एनिमल :*** *वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना ग्लिकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए सतर्क रहें

**चरखी दादरी।** साइबर अपराधों से बचाव के लिए नागरिक सतर्क रहें और किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है साइबर अपराध को रोकने की संभावना उतना ज्यादा होती है। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा कि साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए केंद्र सरकार हेल्पलाइन नंबर और 1930 साइबर हेल्पलाइन उपलब्ध करवाई गई है।

### ठाकुर जय नारायण के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** धामान खाप के पूर्व प्रधान 102 वर्षीय ठाकुर जयनारायण सिंह नंबरदार के निधन पर शोक जताने वालों का तांता लगा हुआ है। ठाकुर जय नारायण सिंह नंबरदार क्षेत्र के नामी गिरामी व्यक्तियों में से एक थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक कार्यों में बिताया। वे कई वर्षों तक धामान खाप 12 के प्रधान पद पर रहे एवं बहुत ही गंभीर एवं पेचीदा मामलों को बिना कोर्ट कचहरी के सुलझाया वे । वे जिला परिषद के भी सदस्य रहे।

### एससी/एसटी एक्ट का प्रचार-प्रसार करें : डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में एससी/एसटी से संबंधित जिला सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक आयोजित हुई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश कि वे एससी/एसटी एक्ट का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि पीड़ित व्यक्तियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटनाओं से पीड़ित एससी/एसटी जाति वर्ग के लोगों को सरकार की हिदायतों के अनुसार आर्थिक व कानूनी सहायता दिलवाने में मदद करें।

### रैली में शामिल होंगे निर्माण कामगार मजदूर

**बाढ़ड़ा।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा चरखी दादरी के जिला संयोजक सुमेर सिंह, ब्लॉक प्रधान भूपसिंह नाधा एवं ब्लॉक कोषाध्यक्ष रोशनलाल ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर बताया कि 24 माच को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित जन आक्रोश रैली में दादरी जिले से सैंकड़ों निर्माण मजदूर व कारीगर भाग लेंगे। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार मजदूर वर्ग के हितों की अनदेखी कर रही है ।

### फार्मर आईडी बनाने का कार्य प्राथमिकता से करें

**चरखी दादरी।** डिजिटल एग्री स्टैक के तहत फार्मर आईडी बनाने के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए। आने वाले समय में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ फार्मर आईडी के माध्यम से ही प्रदान किया जाएगा, इसलिए जिला का कोई भी पात्र किसान इस प्रक्रिया से वंचित नहीं रहना चाहिए। उपायुक्त ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी किए ।

---

### सरस्वती विद्या विहार आसलवास दूबिया में 'शाइन 2026' स्कॉलरशिप परीक्षा व करियर फेयर का आयोजन

# स्कॉलरशिप परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना: चेयरमैन

**कार्यक्रम में 3500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आसलवास दूबिया स्थित सरस्वती विद्या विहार में रविवार, 15 मार्च 2026 को प्रातः 10:00 बजे 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप परीक्षा 'शाइन 2026' तथा 'करियर फेयर' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 3500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि वे किस प्रकार सही दिशा में मेहनत कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी व विशेष अतिथि प्रसिद्ध करियर काउंसलर एवं एडमिशन एक्सपर्ट डॉ. श्रुति जैन ने विद्यालय के चेयरमैन राजवीर सिंह, डायरेक्टर अभिषेक कालीरमन व अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ मिलकर मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

प्रो. दीप्ति धर्माणी ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय के चेयरमैन राजबीर सिंह ने वास्तव में "जंगल में मंगल" कर दिया है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर स्कॉलरशिप परीक्षा और करियर फेयर के आयोजन की पहल करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर दयाप्रकाश गांधी, सतबीर सिंह यादव, चंचल मेहरान, नरेंद्र शर्मा, प्रदीप सांगवान (एईओ, चरखी दादरी), राम अवतार शर्मा, रवि जांगड़ा तथा सोनल यादव भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।





**भिवानी।** प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए व परीक्षा के वक्त स्कूल परिसर में उपस्थित अभिभावक।

#### आहाना पुत्री अमिर खान ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट जीती

विद्यालय के चेयरमैन राजबीर सिंह ने कहा कि इस स्कॉलरशिप परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना। स्कॉलरशिप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा पहली के यशवर्धन पुत्र कैलाश (लोहानी) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साइकिल ,वहीं आहाना पुत्री अमिर खान(नीमड़ीवाली) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट व अंकित बंसल पुत्र कुलदीप(कितलाना) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर एजुकेशनल एड्स हासिल किए। कक्षा दूसरी के यशमीत पुत्र अजय (बिलावल) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर साइकिल ,जबकि रीतिका पुत्री अविन (ढोहका दिना) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट तथा देविशा पुत्री नवीन(लोहानी) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर एजुकेशनल एड्स प्राप्त किए। कक्षा तीसरी की दिव्या पुत्र संजय (कैरु) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साइकिल, मयंक पुत्र परविंदर (हड़ोदी) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट व अनुष्का शर्मा पुत्री कुलदीप कुमार (ढांगर) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर एजुकेशनल एड्स प्राप्त किए। कक्षा चौथी के आरव फोगाट पुत्र राहुल फोगाट (बलाली) ने प्रथम स्थान हासिल कर साइकिल , लक्ष्य सोनी पुत्र विजय कुमार (भिवानी) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट व गौरवी पुत्री सोमवीर सिंह (भिवानी) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर एजुकेशनल एड्स प्राप्त किए।

#### हिमांशी साइकिल मिली

कक्षा पांचवीं की हिमांशी शर्मा पुत्री राजेश शर्मा(अजीतपुरा) ने प्रथम स्थान हासिल कर साइकिल, रश्मि पुत्री प्रदीप(अजीतपुरा) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट , लक्षवीर पुत्र मुनेंद्र (भिवानी) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर एजुकेशनल एड्स प्राप्त किए। कक्षा छठी के नैतिक पुत्र जयबीर (राजगढ़) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर टैबलेट , तियांश पुत्र यशवीर(अटेला खुर्द) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर साइकिल, अनीश पुत्र जितेंद्र (जुई कलां) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट हासिल की।

#### सही करियर का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण

कक्षा सातवीं के जितेश कसाना पुत्र संदीप (ढाणी जंगा) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर टैबलेट, विनय पुत्र अमर सिंह(धिराणा कलां) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर साइकिल और आयूष पुत्र अनिल कुमार (जुई कलां) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट हासिल की। कक्षा आठवीं में रंचित सांगवान पुत्र सुबोध कुमार (रामलवास) ने प्रथम स्थान हासिल कर टैबलेट , मयंक अनिल कुमार (चरखी दादरी) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर साइकिल ,व इशिका पुत्री विकास (गोलागढ़) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट प्राप्त की। कक्षा नौवीं में मयंक जांगड़ा पुत्र सुरेंद्र कुमार (लेंघा) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लैपटॉप, अर्पिता पुत्री राजेश कुमार (उमरवास) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर टैबलेट और यशवीर सिंह भुक्कल पुत्र राजबीर सिंह (अटेला खुर्द) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट हासिल की। कक्षा दसवीं से सुनीता पुत्री विजय (लेंघा) ने प्रथम स्थान हासिल कर लैपटॉप ,अर्णव पुत्र नरेश (चरखी दादरी) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर टैबलेट, और नीरज पुत्र राजवीर (मिथाथल) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट प्राप्त की। कक्षा ग्यारहवीं से कोमल पुत्री सतपाल (बड़दू धीरजा) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लैपटॉप , वंश पुत्र अनिल कुमार (बिरही कलां) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर टैबलेट व दिव्यांशी पुत्री ऋषिराज (कैरु) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट हासिल की। कक्षा बारहवीं में आर्यन पुत्र कुलवीर (दादरी) ने प्रथम स्थान हासिल कर लैपटॉप,रीतिका पुत्री जोगेंद्र (बिलावल) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर टैबलेट तथा साहिल पुत्र कृष्ण (जुई कलां) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर स्पोर्ट्स किट प्राप्त की। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के लिए सही करियर का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विद्यालय के जॉइंट डायरेक्टर जोगेंद्र भारद्वाज , प्रधानाचार्या तेजल सोनी, हैडमिस्ट्रेस अमिता महत्ता, एकेडमिक कोर्डिनेटर सुनील वर्मा सहित विद्यालय के सभी अध्यापकगण मौजूद रहे।

---

# चरखीदादरी जिला टॉप टेन में शामिल

- अगले चरण के लिए विभागों के टारगेट किए गए निश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

पूरे देश में बेहतरीन कार्य करने वाले चयनित 50 जिलों में शामिल आकांशी ब्लॉक को लेकर पिछले एक सप्ताह से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संबंधित विभागों के अगले चरण के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

साथ ही लोगों को जागरूक भी किया गया। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल मंगलवार को एक बार फिर से कार्यक्रम पहुंचे और संबंधित विभागों को ओर बेहतर तरीके से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत के बल पर बाढड़ा ब्लॉक को देश में नंबर एक पर लाना है। उपायुक्त ने कहा कि जिले के संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत के चलते दादरी जिला देश के चुनिंदा 50 जिलों में से पहले 10 में शामिल हुआ है। आकांशी ब्लॉक के तहत निर्धारित चरणबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल हुई है। यहां अच्छे एवं प्रतिभावान अधिकारी एवं कर्मचारी काम कर रहे हैं। ऐसे में वो दिन दूर नहीं जब इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत के बल पर बाढड़ा ब्लॉक पूरे देश में नंबर एक पर होगा।



**चरखी दादरी।** कार्यक्रम में स्टॉल का अवलोकन करते डीसी। *फोटो : हरिभूमि*

#### विकास को चुना

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से बाढड़ा के पिछड़ेपन को दूर करके विकास के लिए चुना गया था। अब उस कदम का असर दिखने लगा है। नीति आयोग के माध्यम से संचालित किए जा रहे इन कार्यक्रम से पूरे क्षेत्र के लोगों का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों को दिए गए लक्ष्यों को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, पोषण अभियान को सशक्त करने तथा किसानों की आय में वृद्धि के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

---

# 60 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- चिकित्सक बोले-बीमारियों से बचने के लिए खानपान व आदतों में बदलाव करना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मंगलवार को वार्ड संख्या एक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें चिकित्सक साहिल व उनकी टीम द्वारा करीब 60 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान जिन लोगों को कोई भी बीमारी मिली, उसको दवाई आदि भी दी गई। इस दौरान वार्ड संख्या एक के पार्षद सूर्या तंवर भी मौजूद रहे। चिकित्सकों ने उनके स्वास्थ्य की भी जांच की। उक्त वार्ड में समय समय पर इस तरह के कैम्पों का आयोजन होता रहता है। चिकित्सकों ने बताया कि बीमारियों से बचने के लिए सबसे पहले अपने खानपान व आदतों में बदलाव करना होगा।



**भिवानी।** लोगों का स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

#### लक्ष्ण नजर आने पर जांच करवाएं

साथ ही उन्होंने बताया कि अगर किसी कोई भी बीमारी के लक्ष्ण नजर आते है तो वे उस बारे में तत्काल विशेषज्ञ के पास जाए और इलाज करवाए। शुरू में ही बीमारी का इलाज शुरू कर दिया जाए तो उसको बड़ी बीमारी बनने से रोका जा सकता है।

---

# भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखें

- जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अतिरिक्त उपायुक्त भिवानी दीपक बाबूलाल करवां की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयनए गुणवत्ता सुधार तथा लाभार्थी छात्रों को समय पर पोषाहार उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

एडीसी द्वारा समिति सदस्यों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में स्वच्छता भोजन की गुणवत्ता एवं मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की नियमितता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करनाए खाद्यान्न की उपलब्धता एवं भंडारण व्यवस्था की समीक्षाए विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं पोषण स्तर में सुधार के उपाय कुक.कम.हेल्पर की स्वास्थ्य जांच व समय पर मानदेय भुगतान, निगरानी एवं निरीक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करना। उपस्थित सभी समिति सदस्यों द्वारा निरिक्षण किये गये विद्यालयों की विस्तृत रिपोर्ट रखी गई जिसमे विद्यालयों के किचन गार्डन, खाना पकाने के तौर तरीकों, राशन भण्डारण, खाना परोसने, साफ सफाई, बच्चों के स्वास्थ्य, यूनिफार्म आदि पर विशेष जोर तरिकों पर जोर दिया गया। विभिन्न समिति सदस्यो द्वारा निरिक्षण के दौरान पाई गई खामियों पर कार्यवाही करने के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार जिंदल को निर्देशित किया गया।

#### सभी विभाग समन्वय से कार्य करें

एडीसी महोदय ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण योजना का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान कर उनके स्वास्थ्य एवं शिक्षा स्तर में सुधार करना है। अतः सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में शिक्षा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग,जिला महिला बाल कल्याण अधिकारी, हैफेड, वीटा भिवानी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# युवा शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत: एसपी

- स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशे एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक : सुमित कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशे एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। युवा शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत है और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवा समाज सेवा की भावना को मजबूत करने में लगे हुए हैं। स्वयंसेवक नशे एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता के साथ साथ रक्तदान जैसे महादान में आगे बढ़ कर भाग लें यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सीबीएलयू भिवानी के तत्वावधान में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित विश्वविद्यालय स्तरीय शिविर के तीसरे दिन प्रातःकालीन सत्र का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि भिवानी के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने कही। आज के कार्यक्रमों की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. का गीत गाकर की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदीप शास्त्री,प्रमुख समाजसेवी एवं वर्धमान ज्वेलर्स ग्रुप के चेयरमैन सचिन जैन ने शिरकत की।



#### जिम्मेदार बनें

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदीप शास्त्री ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है। उन्होंने कहा कि सेवा, अनुशासन और संस्कार भारतीय संस्कृति की पहचान हैं और इन्हीं मूल्यों को अपनाकर युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। प्रमुख समाजसेवी एवं वर्धमान ज्वेलर्स ग्रुप के चेयरमैन सचिन जैन ने कहा कि इस तरह के शिविर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भाव विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जो उन्हें भविष्य में एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

---

### भाजपा ने सत्ता के बल पर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने का किया प्रयास

**भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का डटकर मुकाबला करेंगे सांसद बौद्ध : जोगी**

# कर्मवीर बौद्ध के राज्यसभा सांसद बनने पर कांग्रेसियों में भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा की राजनीति में कर्मवीर बौद्ध को राज्यसभा सांसद बनने पर मंगलवार को रोहतक रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने भारी उत्साह के साथ जीत का जश्न मनाया। इस दौरान कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी गुलिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी सांझा की।

कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने प्रदेश प्रभारी वीके हरिप्रसाद, विधायक दल के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र, सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित सभी विधायकों का आभार जताया, जिन्होंने भाजपा के षड़यंत्र को विफल करते हुए कांग्रेस के उम्मीदवार को राज्यसभा में भेजने का काम किया।



**भिवानी।** राज्यसभा सदस्य कर्मबीर बौद्ध की जीत पर लड्डु बांटते कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप जोगी गुलिया। *फोटो : हरिभूमि*

#### भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं



**भिवानी।** कांग्रेस के जिला महासचिव अशोक ढोला ने भाजपा पर राज्यसभा चुनाव को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या कर राज्यसभा चुनाव जीतना चाहती थी। प्रेस के नाम जारी बयान में उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव के दौरान देर रात तक मतगणना चलना और परिणामों को बार-बार रोकना इस बात का संकेत है कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि तमाम दबावों और राजनीतिक प्रयासों के बावजूद कांग्रेस के राज्यसभा प्रत्याशी कर्मबीर बौद्ध सुरक्षित रूप से राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे। कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस देश और प्रदेश में तेजी से अपना जनाधार बढ़ा रही है और आने वाले विधानसभा चुनावों में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।



#### बौद्ध के सांसद बनने पर बांटी मिठाई

**तोशाम।** राज्यसभा सांसद कांग्रेस प्रत्याशी कर्मबीर बौद्ध की जीत की खुशी में तोशाम में वाल्मीकि समाज के लोगों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तोशाम के भगवान वाल्मीकि मंदिर में लड्डू बांटकर खुशी जताई। इस दौरान कांग्रेस के युवा नेता सुशील तोशाम ने खुशी जताते हुए कहा कि कर्मबीर बौद्ध के राज्यसभा सांसद बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। उनका कहना था कि कर्मबीर बौद्ध की यह जीत आमजन की जीत है क्योंकि आमजन की दुआओं तथा कांग्रेस नेताओं की एकजुटता के कारण यह जीत मिली है। सुशील ने कहा कि आगामी समय कांग्रेस पार्टी का है और आगामी सभी चुनावों में कांग्रेस इसी तरह जीत का परचम लहराएगी। उनका कहना था कि अन्य राजनैतिक दलों से जनता का मोहभंग हो चुका है और सबको हरियाणा में विकल्प के रूप में एकमात्र पार्टी कांग्रेस ही नजर आ रही है।

---

**सूचना**

मैं, चन्द्र भान पुत्र होशियार सिंह निवासी मकान नं. 303/1, नजदीक मेजबान होटल, लोहारू रोड, चरखी दादरी, तह. व जिला चरखी दादरी (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विक्रम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, कृष्णा देवी पत्नी श्री अशोक कुमार निवासी म. नं. 721, हनुमान गेट, पिपली वाली जोहड़ी भिवानी, तह. व जिला भिवानी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र संदीप कुमार व उसकी पत्नी आरती मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

## माकपा ने जनआक्रोश रैली के लिए झोंकी ताकत

**भिवानी।** किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, महिला व नौजवानों की मांगों को लेकर तथा इजराईल अमेरिका व ईरान के बीच चल रहे भीषण युद्ध को बंद करवाने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाने वास्ते 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित जनआक्रोश रैली की सफलता के लिए माक्सर्वादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने पूरी ताकत झोक दी है। इसके लिए राज्यभर में दो जत्थे चल रहे हैं तथा साथ में जनविरोधी नीतियों की मार जनता पर किस तरह से पड़ रही है, उसे नाटक जत्थों के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है।

## कन्या स्कूल खरक कलां में निगरानी कार्यक्रम

**भिवानी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरक कलां में स्कूल मार्गदर्शन और निगरानी कार्यक्रम के तहत प्राचार्या डा. रीमा परमार की अध्यक्षता में अनेक गतिविधियों का संचालन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय कन्या महाविद्यालय से एसोसियेट प्रोफेशर डा. नवनीत ढांडा विशेषज्ञ के रूप में शिरकत करते हुए छात्राओं को विज्ञान व तकनिकी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान प्रदर्शनी में बनने वाले मॉडल की बारीकियों से जानकारी दी।

## भव्य तरीके मनाया जाएगा हिंदू नववर्ष

**भिवानी।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष 19 मार्च को हिंदू नववर्ष (विक्रम संवत) को भव्य और ऐतिहासिक तरीके से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्वदेशी जागरण मंच के भिवानी विभाग संयोजक अमित बंसल ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा सांझा की और समाज से अपनी जड़ों की ओर लौटने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मंच द्वारा हिंदु वर्ष प्रांत स्तर पर मनाया जाएगा। विभाग स्तर के तहत आने वाले भिवानी, दादरी, महेंद्रगढ़ व रेवाड़ी चारों जिलों में भी भव्य तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## अभद्रता एवं फूहड़पन पर अंकुश लगाए सरकार

**भिवानी।** चंडीगढ़ के मनीमाजरा कलाग्राम में चार दिवसीय रागनी महोत्सव का आयोजन किया, जिसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित लख्मीचंद आश्रम उमरावत से म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने शिरकत की। मुख्यातिथि हनुमान कौशिक ने हरियाणवी संस्कृति की झलक देख उत्साहवर्धन करते हुए कहा हरियाणावी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आज कलाकारों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन भी यही चाहता है कहीं भी अभद्रता गायन शैली में नहीं होनी चाहिए तथा हरियाणा में सेंसर बोर्ड का गठन की सरकार से संगठन पुरजोर मांग करता है।

## 9050442838 पर कर सकते हैं पेयजल से संबंधित शिकायतः डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने शहरवासियों की सुविधा के मद्देनजर पेयजल से संबंधित शिकायतों के लिए भिवानी कार्यालय से डाटा एंट्री ऑपरेटर नीरज वालिया को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए उनका 9050442838 संपर्क नंबर भी जारी किया है, जिस पर नागरिक शिकायत दे सकते हैं। इस नंबर पर आने वाली शिकायतों पर भी विभाग त्वरित कार्रवाई करेगा। जनस्वास्थ्य विभाग से मुख्यालय द्वारा टोल फ्री नंबर 18001805678 जारी किया हुआ है, जिस पर आमजन पेयजल व सीवरेज से संबंधित शिकायत कर सकते हैं। यह टोल फ्री नंबर प्रदेशभर के लिए है। इस नंबर पर जाने वाली समस्याओं को संबंधित जिलों में भेज दिया जाता है, जहां से समस्या पर कार्रवाई की जाती है। डीसी गुप्ता ने भिवानी शहरवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया और जनस्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि वे स्थानीय स्तर पर एक हेल्प नंबर जारी करें ताकि शहरवासी शिकायत कर सकें।

**बवानीखेड़ा शहर में लगेंगे 16 सीसीटीवी**

# नशे के खिलाफ व्यापक मुहिम चलाने को लेकर थाना प्रभारी-नपा प्रधान ने पार्षदों संग मिलकर बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

नगर पालिका बवानीखेड़ा कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री की अध्यक्षता में नगर पालिका पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों के साथ कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा नशे के खिलाफ व्यापक मुहिम चलाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में थाना प्रभारी सुरेश कुमार सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कस्बे में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।



बवानीखेड़ा। पार्षदों को संबोधित करते थाना प्रभारी। फोटो: हरिभूमि

**पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क**

### जन-जागरूकता कार्यक्रम होंगे

नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने कहा कि कस्बे में शांति, सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बताया कि जल्द ही आगामी योजनाओं में कस्बे में सुरक्षा हेतु जगह निर्धारित कर ली गई है जिसके लिए 16 कैमरे लगाए जाएंगे जिसकी कमान थाना प्रभारी के हाथों में दी जाएगी। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है और नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जल्द ही विशेष अभियान चलाकर कस्बे को नशा मुक्त एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद अशोक कुमार, रिंकू सांसी, दीपक सैनी, सुभाष चंद्र, बलराम गुर्जर, पार्षद प्रतिनिधियों में सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार, सुरेश कुमार, प्रदीप कुमार, नवीन, पवन कुमार, बिंटू, सन्नी कुमार, विनोद कुमार, जोगेंद्र, भरत गुर्जर एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

**72 वर्षों बाद चैत्र अमावस्या व नवरात्र के घटस्थापना का बन रहा दुर्लभ संयोग**

# चैत्र नवरात्र कल से शुरू, माता रानी के जयकारों से गूंजेंगे मंदिर

**पालकी (डोली) पर सवार होकर आएंगी जगत जननी मां दुर्गा, भक्तों के लिए शुभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरूवार 19 मार्च से चैत्र नवरात्रें शुरू होकर 27 मार्च को रामनवमी को कन्याओं को भोजन करवाने के साथ सपन्न होंगे। नवरात्रों को लेकर मंदिरों को लाइटों एवं लड्डियों से सजाया गया हैं। वहीं मंदिरों में सुंदर पोशाकों से माता रानी का दरबार सजाए गए हैं। नवरात्रों पर सभी मंदिर माता रानी के जयकारों से गूंजयामान होंगे। चैत्र नवरात्रि की तैयारियां को लेकर दिनभर बाजारों में भीड़ रही और श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। लगभग 72 वर्षों बाद चैत्र अमावस्या व नवरात्र के घटस्थापना का दुर्लभ संयोग बना हैं। अमावस्या 18 मार्च बुधवार सुबह 8:25 बजे से प्रारंभ होकर 19 मार्च गुरुवार सुबह 6:52 बजे समाप्त होगी, इसलिए उदय तिथि अनुसार चैत्र अमावस्या 19 मार्च गुरूवार को मनाई जाएगी और इसके बाद चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष का शुभारंभ होगा। नवरात्र पर घटस्थापना का शुभ मुहूर्त अमावस्या समाप्ति के बाद सुबह 6:52 बजे से 10:10 बजे तक रहेगा। वहीं जगत जननी माता रानी पालकी (डोली) पर सवार होकर आएंगी, जो भक्तों के लिए शुभ संकेत हैं।





भिवानी। सराय चौपटा स्थित दुकान पर नवरात्र की पूजा अर्चना के लिए मां दुर्गा की प्रतिमा व सामान खरीदती श्रद्धालु।

### शुभ मुहूर्त 6 बजकर 52 मिनट से 10:10 तक

उल्लेखनीय हैं कि 19 मार्च पहले नवरात्र को सुबह 6 बजकर 52 मिनट से 10:10 बजे तक घटस्थापना का शुभ मुहूर्त और 11:47 बजे से 12:36 बजे तक अभिजीत मुहूर्त हैं। पहले दिन 19 मार्च को मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाएगी, दूसरे दिन 20 मार्च को मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघण्टा, चौथे दिन मां कुष्माण्डा, पांचवें दिन मां स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन 26 मार्च को मां महागौरी की पूजा अर्चना होगी, इस दिन सुबह अष्टमी व सुबह 11:45 बजे नवमी शुरू हो जाएगी, नौवें अंतिम दिन 27 मार्च को सुबह 10:06 बजे तक मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर कन्याओं को भोजन करवाकर रामनवमी मनाई जाएगी और नवरात्रों का समापन होगा।

### इन मंदिरों में रही काफी भीड़

नवरात्रों में माता रानी के दर्शनों के लिए शहर के अलावा गांवों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रहती हैं। कृष्णा कॉलोनी फाटक पार दुर्गा कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर, नया बाजार स्थित भोजावाली देवी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती हैं और श्रद्धालुगण सैंकड़ों की संख्या अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित करवाते हैं। वहीं हनुमान ढाणी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, रेलवे रोड गुफावाला माता मंदिर में भक्तों की भारी बीड रही।

### पूजा सामग्री व किरयाणा की दुकानों पर रही भीड़

नवरात्रों पर महिलाएं नौ दिन पर उपवास रखकर माता रानी से आशीर्वाद की कामना करती हैं, इसी के चलते किरयाणा की दुकानों पर व्रत में कुट्टू का आटा, सामक, काली मिर्च, सेंधा नमक, पापड़, पेठा मिठाई सहित व्रत में खाने वाली चीजों की खरीददारी के लिए काफी भीड़ रही। महिलाओं ने बाजार से जौ, धूप, फूल, पान, फल, लौंग, कपूर, अक्षत, सुपारी, कलश, कलावा, नारियल, माता की लाल चुनरी, लाल वस्त्र, इलायची, पान के पत्ते, लाल चंदन, दीपक व माता का श्रृंगार की खरीददारी की। नवरात्रों की तैयारियों को लेकर महिलाएं पूरे दिन बाजार में व्यस्त रही।

### अमावस्या स्नान-दान एवं नवरात्र घटस्थापना एक ही दिनः शास्त्री

केएल ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषाचार्य पंडित विजय शास्त्री ने बताया कि अमावस्या 18 मार्च बुधवार सुबह 8:25 बजे से प्रारंभ होगी और 19 मार्च गुरुवार सुबह 6:52 बजे समाप्त होगी, इसलिए उदय तिथि अनुसार चैत्र अमावस्या 19 मार्च गुरूवार को ही मनाई जाएगी। इसके बाद ही चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष का शुभारंभ होगा।



### मां दुर्गा को लगाएं भोग

पंडित विजय शास्त्री ने बताया कि नवरात्र पर पहले दिन घी, दूसरे दिन शक्कर एवं पंचामृत, तीसरे दिन दूध से बनी मिठाई, चौथा दिन मालपुआ, पांचवां दिन केला, छठा दिन शहद, सातवां दिन गुड़, आठवां दिन नारियल व नौवां दिन हलवा, पूरी एवं चने का भोज लगाकर माता रानी की पूजा अर्चना करें। वहीं नवरात्रि पर उपवास रखने वाले श्रद्धालु हल्का एवं सात्विक भोजन करें, जिसमें साबूदाना, कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सामक के चावल आदि खाएं। वहीं नवरात्रों पर मां शैलपुत्री को पीला रंग का वस्त्र धारण करवाएं।

# अमित और सौरव के पोस्टर सबसे उत्तम



भिवानी। सीबीएलयू में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए।

- "पर्यावरणीय स्थिरता और हरित भविष्य में जैव प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा "पर्यावरणीय स्थिरता और हरित भविष्य में जैव प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने रचनात्मक एवं वैज्ञानिक विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने बा यो रि मे डि ए श न, फाइटोरिमेडिएशन, बायोफ्यूल्स, बायोप्लास्टिक्स तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे विषयों पर पोस्टर प्रस्तुत किए और पर्यावरणीय स्थिरता से जुड़े अपने नवाचार पूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. संजीव कुमार, विभागाध्यक्ष ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नीति चावला द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों के साथ संवाद किया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल में प्रो. ललिता गुप्ता, डॉ. पवन कुमार एवं डॉ. सुरेंद्र कौशिक शामिल रहे।

### पर्यटन क्षेत्र दोनों देशों के बीच अहम

आयोजन टीम में सुखचैन, विकास एवं महक शामिल रहे। आयोजन टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त डॉ. ए. अहमद खान सहित लाइफ साइंसेज के अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रथम स्थान अमित एवं सौरव ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान रेखा एवं निशा को मिला,तृतीय स्थान दर्शन एवं ओजस्वी ने हासिल किया,विजेताओं को पुरस्कार कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल आयोजन विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ।

### परिवार के कई सदस्यों ने एक साथ किया रक्तदान

**भिवानी।** शहर में मंगलवार को उस वक्त एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब गर्भवती महिला और मासूम बच्चे की जान बचाने के लिए एक साथ कई हाथ आगे आए। शहर के निजी अस्पताल में गर्भवती महिला को तत्काल बी पॉजिटीव रक्त की दो यूनिट की आवश्यकता थी। साथ ही बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एबी पॉजिटीव रक्त की जरूरत पड़ी। ये सूचना जैसे ही सामाजिक कार्यकर्ताओं तक पहुंची तो सुरेंद्र सिंह और उनकी धर्मपत्नी सुमन ने बिना देर किए रक्तदान करने का फैसला लिया। उनका साथ देने के लिए दिनेश यादव भी तुरंत पहुंचे और रक्तदान किया। सुरेंद्र व सुमन ने पति-पत्नी के रूप में साथ मिलकर समाज को एकजुटता का संदेश दिया, वहीं दिनेश यादव के सहयोग ने ये सुनिश्चित किया कि रक्त की कमी के कारण किसी भी ऑपरेशन या उपचार में देरी न हो। शतकवीर



भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा।

### डॉ. राजकुमार बने भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार एवं जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से डॉ. राजकुमार हलवासिया को युवा विंग का जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति के बाद डॉ. हलवासिया ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। युवा जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार ने अपनी नियुक्ति के लिए स्थानीय और जिला नेतृत्व का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। डॉ. हलवासिया ने विशेष तौर पर सांसद धर्मबीर सिंह, जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक तथा भाजपा युवा नेता मोहित चौधरी का आभार जताया। डॉ. राजकुमार ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहां हर कार्यकर्ता की मेहनत को पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही जन-कल्याणकारी योजनाओं को जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही मेरा मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका जोर विशेष रूप से युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोडने और सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करने पर रहेगा।



भिवानी। युवा जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार हलवासिया को बधाई देते युवा भाजपा नेता मोहिल चौधरी।

# नई शिक्षा नीति के अनुरूप अधिगम की आधुनिक पद्धतियां अपनाएंः कुलपति

- सीबीएलयू में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के क्रियान्वयन की रणनीतियां विषय पर सात दिवसीय एफडीपी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सीबीएयलू में नई शिक्षा नीति- 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों में एनईपी -2020 की क्रियान्वयन की रणनीतियां विषय पर एक सप्ताह के फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम मंगलवार से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विवि की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने भी सत्र में सहभागिता की तथा अपने संबोधन में एनईपी- 2020 की शैक्षणिक प्रासंगिकता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा नीति शिक्षा में नवाचार, आलोचनात्मक चिंतन, परिणाम आधारित शिक्षा तथा अंतर्विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने का मार्ग प्रस्तुत करती है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण अधिगम की आधुनिक पद्धतियों को अपनाएं। कुलसचिव डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि एनईपी- 2020 से विद्यार्थियों की रोजगार, योग्यता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी।

### संस्कृति के निर्माण पर विशेष बल

द्वितीय तकनीकी सत्र में हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला के डॉ जोगिंदर सकलानी ने एनईपी -2020 और अनुसंधान एवं विकास विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षा नीति शिक्षा संस्थानों में सुधार, अनुसंधान, संस्कृति के निर्माण पर विशेष बल देती है। इसके अन्तर्गत अंतर्विषयक शोध,नवाचार,संस्थागत सहयोग तथा शोध के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। तृतीय सत्र में सीडीएलयू सिरसा के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर एस.एस. कुंडू ने पाठ्यक्रम एवं क्रेडिट फ्रेमवर्क (एबीसी क्रियान्वयन) पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

**जिला प्रशासन के खिलाफ असहयोग आंदोलन चलाएगी एसोसिएशनः रामावतार शर्मा**

# किसी भी सरकारी कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे प्राइवेट स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष रामौतार शर्मा ने कहा कि जिले के प्राइवेट स्कूल किसी भी सरकारी कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बनेंगे, न ही जिला प्रशासन से किसी प्रकार का सहयोग करेंगे।

एसो. की मीटिंग के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए एसो. के प्रदेश अध्यक्ष रामावतार शर्मा ने कहा कि एसो. पिछले कुछ वर्षों से लगातार शहर में अवैध रूप से चल रही अकेडमियों के खिलाफ अभियान चलाकर, बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से गुहार लगाता रहा है। इस बारे में एसो. ने शिक्षा विभाग के डायरेक्टर से लेकर जिला उपयुक्त और जिला शिक्षा अधिकारी भिवानी तक को बहुत बार लिखित व मौखिक रूप से शिकायत दर्ज करवाई है. हमारी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न अकेडमियों के यहां छापे मारे और जिला प्रशासन को इनके खिलाफ रिपोर्ट भी सौंपी है जिसमें इन एकेडमियों को अवैध बताया गया है, लेकिन इस रिपोर्ट पर अभी तक जिला प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

रामावतार शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल बार-बार जिला उपायुक्त व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिल चुका है लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही दिया गया है। एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जब कार्रवाई के लिए भिवानी जिला उपायुक्त से मिला तो उनका रवैया बहुत नेगेटिव था. वह स्कूलों को ही नसीहत देने लगे।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित सदस्यों को संबोधित करते हुए।

### नहीं दी फीस

अपनी दूसरी मांग रखते हुए रामावतार शर्मा ने कहा कि राइट टू एजुकेशन के तहत प्राइवेट स्कूलों द्वारा 25 प्रतिशत बच्चों का एडमिशन किया गया है, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक उन बच्चों की किसी भी प्रकार की फीस प्राइवेट स्कूलों को नहीं दी है. राइट टू एजुकेशन लागू होने से पहले पहले बच्चे 134 ए के तहत पढ़ते थे. लेकिन उन बच्चों की फीस लेने के लिए भी एसोसिएशन को सरकार से लम्बी लड़ाई लड़नी पड़ी थी. सरकार ने 134 ए बंद करके राइट टू एजुकेशन लागू किया था, लेकिन 3 वर्ष हो चुके हैं सरकार ने अभी तक एक पैसा भी प्राइवेट स्कूलों को नहीं दिया है।

### नहीं दिया पैसा

एसोसिएशन की तीसरी मांग बताते हुए रामावतार शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष सरकार ने सीईटी टेस्ट के दौरान प्राइवेट स्कूलों को केंद्र बनाया था। तब भी एसोसिएशन ने मांग की थी कि समय पर ड्यूटी स्टाफ को पैसा दिया जाए। जिला प्रशासन के आश्वासन पर हमने यह परीक्षा प्राइवेट स्कूलों में करवाई थी, लेकिन राज्य सरकार से पैसा जारी होने के बावजूद जिला प्रशासन के पास वह पैसा करीब 8 महीने तक अटका रहा. हम कई बार जिला प्रशासन से मिले, अपनी मांग लिखित और मौखिक रूप से कई बार जिला प्रशासन को दी तो अभी दो हफ्ते पहले ही जिला प्रशासन की तरफ से कुछ पैसा रिलीज किया गया है।

### राशि में कटौती की

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने परीक्षा सेंटर पर ड्यूटी स्टाफ के लिए तय राशि की एक लिस्ट जारी की थी. उसी के अनुसार प्राइवेट स्कूलों ने अपना क्लेम बनाकर जिला प्रशासन को दिया. लेकिन जिला प्रशासन ने उतना पैसा भी स्कूलों को नहीं दिया है. उन्होंने हमारे स्कूलों के सेंटर सुपरिटेंडेंट को दफ्तर में बुलाकर उसे क्लेम में से पैसा काट दिया. जब स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने एक राशि ड्यूटी स्टाफ के लिए निर्धारित की है तो जिला प्रशासन ने किस आधार पर उस राशि में कटौती की। क्या यह उसके अधिकार क्षेत्र में आता है। एक वर्ष से जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के प्राइवेट स्कूलों के प्रति असहयोगी रवैये अपनाए हुए हैं।